बरेली, शनिवार
8 अप्रैल, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.90
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

एसआरएमएस की विजेता टीम • सौ. विद्यालय

एसआरएमएस ने टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का जीता खिताब

जासं, बरेली : एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने शुक्रवार को हुए फाइनल में आर्मी मस्टैलियन को सात विकेट से हराया। इसके साथ श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को ट्राफी के साथ 31 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले हर्ष राणा को मैन आफ द टूर्नामेंट चुना गया। उपविजेता टीम आर्मी मस्टैलियन को रनर अप ट्राफी और 21 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्री राममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को फाइनल में आर्मी मस्टैलियन ने टास जीतकर पहले खेलते हुए 18 .5 ओवर में 110 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस की टीम शुरुआत में डगमगा गई, लेकिन बाद में टीम ने 17 .1 ओवर में जीत हासिल की। मुख्य अतिथि सीडीओ जग प्रवेश रहे। उनके साथ एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव व बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, सेक्रेटरी सीताराम सक्सेना, अध्यक्ष सरफराज वली खां, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. एमएस बुटोला, डा. अनुज कुमार, डा. एलएस मौर्य, डा. रिंटू चतुर्वेदी, पीएनबी के चीफ मैनेजर संजय चौधरी, मैनेजर पुनीत टंडन, कोच मनीष सिंह, नितिन सक्सेना, शंकरपाल आदि मौजूद रहे।

क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल नौ को

जासं,बरेली: उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में चयन के लिए बरेली की टीम का ट्रायल नौ अप्रैल को होगा, जिसकी जिम्मेदारी बरेली क्रिकेट एसोसिएशन को दी गई है। सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि टीम के चयन के लिए खिलाड़ियों को एसआरएमएस मैदान में पहुंचना होगा। सुबह नौ बजे से ट्रायल शुरू हो जाएगा। सिर्फ पंजीकृत खिलाड़ी ही ट्रायल दे पाएंगे।